प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा सांसद ओम बिरला ने एनडीए की ओर से लोकसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए नामांकन दाखिल किया, विपक्ष की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी के सुरेश ने भरा पर्चा।
2. झारखंड लोक सेवा आयोग ने उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में किया बदलाव, 11वीं, 12वीं और 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पहली बार होगा ऑनलाइन मूल्यांकन।
3. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की रांची ईकाई ने रातू थाना के सब इंस्पेक्टर को 35 हजार रूपये घूस लेते किया गिरफ्तार।
4. जमशेदपुर में टाटा स्टील के चौथे अखिल भारतीय दिव्यांग शतरंज टूर्नामेंट आज से शुरू, देशभर के 68 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में ले रहे हैं हिस्सा।

*******************

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए एनडीए की ओर से भाजपा सांसद ओम बिरला ने नामांकन दाखिल किया वहीं कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने विपक्ष की ओर से स्पीकर पद के लिए पर्चा दाखिल किया। कल लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा। बता दें कि नामांकन से पूर्व एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक कर ओम बिरला को अपना उम्मीदवार बनाया था।

*******************

18वीं लोकसभा की कार्यवाही का दूसरा दिन नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ। सदन के दूसरे दिन कांग्रेस के गोवाल कागडा पदवी ने हिन्दीं में शपथ ग्रहण किया, जबकि अन्य पार्टी के सांसद बच्छव शोभा ने मराठी में शपथ ली। भारतीय जनता पार्टी के सांसद स्मिता उदय वाघ ने भी मराठी में शपथ ग्रहण किया। अन्य पार्टी के सांसद अनुप संजय धोत्रे, कांग्रेस के बलवंत बासवंत वानखेडे, एनसीपी (शरद पवार) के अमर शरद राव काले ने शपथ ली।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में बड़ा बदलाव किया है। 11वीं, 12वीं व 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहली बार ऑनलाइन होगा। मूल्यांकन कार्य के लिए देश भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों से 155 विषय विशेषज्ञों को मूल्यांकन कार्य का जिम्मा दिया गया है. ऑनलाइन व्यवस्था को प्रभावी और मजबूत बनाने के लिए आयोग ने 100 कंप्यूटर का अपना लैब भी तैयार कर लिया है।

*******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना है जिसके लिए उनसे बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति छात्रों की कठिनाइयों और तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक मजबूत प्रणाली विकसित करने पर भी विचार कर रही है।

*******************

किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए राज्य सरकार से बतौर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। रामगढ़ में इसकी शुरूआत की गयी है।

*******************

भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी दौरान आज एसीबी की रांची ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए रातू थाना के सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. एसीबी की टीम ने सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35 हजार रुपया घूस लेते गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सत्येंद्र सिंह के द्वारा केस डायरी मैनेज करने के नाम पर घूस की मांग की गई थी।

*******************

धनबाद जिले में आज से द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू हुआ। इसके तहत अगले 1 महीने तक बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में

जोड़ा जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 20 अगस्त को अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवधि में न सिर्फ मतदाता सूची में नए नाम जोड़े जाएंगे, बल्कि किसी तरह का संशोधन भी किया जा सकेगा।

*******************

दक्षिण पूर्वी रेलवे अंतर्गत खड़गपुर रेल मंडल क्षेत्र में विकास कार्य के कारण कई ट्रेन के परिचलन को रद्द किया गया है। जबकि कई ट्रेन के रूट में बदलाव किया गया है। इसमें टाटानगर स्टेशन से खुलने वाली कई ट्रेन प्रभावित होंगी, इसे लेकर रेलवे ने अधिसूचना जारी कर दी है। रेलवे ने 60 ट्रेन के परिचालन को रद्द कर दिया, जबकि कई ट्रेन के रूट में बदलाव किए हैं। रेल यात्रियों को आगामी 29 जून से आठ जुलाई तक यात्रा करने में परेशानी हो सकती है।

*******************

पाकुड में पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारर्पोरेशन लिमिटेड की रेल एवं सडक मार्ग से कोयले की ढुलाई लोटामारा के ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे से बाधित कर दिया है। कोयला ढुलाई बाधित कर रहे लोग उन्हें प्रतिमाह दी जा रही भुगतान राशि पर रोक लगाने का विरोध कर रहे हैं। कोयला ढुलाई चालू कराने के लिए पाकूड़ नगर मालपहाडी आउटपोस्ट की पुलिस प्रयास कर रही है लेकिन ग्रामीण अबतक राजी नहीं हुए हैं।

*******************

दुमका पुलिस ने रविवार की देर रात हंसडीहा थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र से विक्रम मंडल नामक युवक को गिरफ्तार किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी युवक ने पुलिस पर भी गोली चलायी थी।

*******************

जमशेदपुर पुलिस ने कल विभिन्न थाना क्षेत्र से आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास से हथियार समेत कई सामान बरामद किए गये।

*******************

कोडरमा के प्रसिद्ध ध्वजाधारी धाम को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत एनसीसी कैडेट और डिफेंस की तैयारी करने वाले युवाओं ने पूरे ध्वजाधारी पहाड़ की साफ–सफाई की और पूरे परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए प्लास्टिक के ग्लास, प्लेट समेत तमाम कचरा को इकट्ठा किया।

*******************

गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के पर्रे गांव में राशन दुकान पर सो रहे राशन डीलर को कल रात हाथीयों के झुंड ने कुचल कर मार डाला. ग्रामीणों ने बताया कि चार दिनों पहले डीलर ने भंडरिया से राशन का उठाव कर उसे राशन दुकान पर लाया था. लेकिन उसका वितरण अब तक नही किया गया था. डीलर ने मंगलवार को गांव के लोगों को राशन वितरण करने की बात कही थी। लेकिन इसी बीच सोमवार की रात हाथियों ने चावल खा लिया और डीलर को मार डाला।

*******************

जमशेदपुर में टाटा स्टील का चौथा अखिल भारतीय दिव्यांग शतरंज टूर्नामेंट देशभर के 68 खिलाड़ियों के समूह के साथ आज शुरू हो रहा है। आज से कुल 9 राउंड के मैच शुरू होंगे, जो 60 मिनट के समय के साथ और 30 सेकंड के वृद्धि के साथ खेले जाएंगे। आज शतरंज के तीन राउंड खेले जाएंगे। उसके बाद अगले तीन दिनों तक दो–दो राउंड खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में व्हीलचेयर, अनरेटेड, महिला, अंडर–19, जूनियर ओपन और गर्ल्स जैसी कई अन्य श्रेणियां भी है।

***********